Civil Services (Main)
Examination- 2025

**SLPM–B–ECO**

# अर्थशास्त्र (प्रश्न-पत्र–II)

| निर्धारित समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250 |
| --- | --- |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द-सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है।

जहाँ आवश्यक हो, आलेख/चित्र उत्तर के लिए दिए गए स्थान में ही दर्शाइए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा नहीं गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# ECONOMICS (PAPER–II)

| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250 |
| --- | --- |

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.

Graphs/Illustrations, wherever required, may be drawn/given in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* भारत में ब्रिटिश शासन के अन्तर्गत भू-राजस्व की जमींदारी प्रणाली और रैयतवारी प्रणाली के बीच अन्तर बताइए।

Distinguish between the Zamindari system and the Ryotwari system of land revenue under the British rule in India.

*(b)* स्वतन्त्रता-पूर्व भारत में 'कृषि के व्यवसायीकरण' के भारतीय किसानों पर क्या प्रमुख प्रभाव पड़े? विवेचना कीजिए।

What were the major impacts of 'commercialisation of agriculture' on Indian farmers during the pre-Independence India? Discuss.

*(c)* भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान प्रचलित 'धन-निष्कासन' सिद्धान्त के आर्थिक परिणाम क्या थे? विश्लेषण कीजिए।

What were the economic consequences of the 'Drain of Wealth' theory as practised during the British rule in India? Analyse.

*(d)* अँगरेजों ने भारतीय पारम्परिक कपास उद्योग को क्यों नष्ट किया? चर्चा कीजिए।

Why did the British lead to the destruction of India's traditional cotton industry? Discuss.

*(e)* ब्रिटिश भारत में उपनिवेशीकरण के चरणों का वर्णन कीजिए।

Describe the phases of colonisation in British India.

**2.** *(a)* क्या भारत में कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए भूमि सुधार आवश्यक है? विवेचना कीजिए।

Is land reform necessary to improve agricultural productivity in India? Discuss. 20

*(b)* भारतीय कृषि में सार्वजनिक और निजी पूँजी निर्माण की बाधाओं का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

Critically analyse the constraints of public and private capital formation in Indian agriculture. 15

*(c)* उदारीकरण-पूर्व अवधि के दौरान आर्थिक नियोजन के महत्त्व वाले क्षेत्र क्या थे? विवेचना कीजिए।

What were the thrust areas of economic planning during the pre-liberalisation era? Discuss. 15

**3.** *(a)* भारत में हरित क्रान्ति के उद्देश्यों और घटकों का परीक्षण कीजिए।

Examine the objectives and components of the Green Revolution in India. 20

*(b)* भारत सरकार द्वारा किए गए विकास सम्बन्धी अनेक प्रयासों के बावजूद भारत में आय में अन्तर-राज्यीय असमानता क्यों बनी हुई है? विश्लेषण कीजिए।

Why does inter-State disparity in income persist in India despite plethora of development initiatives undertaken by the Government of India? Analyse. 15

*(c)* भारतीय अर्थव्यवस्था में लघु एवं कुटीर उद्योगों के समक्ष आने वाली मुख्य चुनौतियों का उल्लेख कीजिए।

Point out the main challenges faced by the small-scale and cottage industries in Indian economy. 15

4\. *(a)* भारत में गरीबी और असमानता को मापने के लिए कौन-सी विधियाँ उपयोग में लाई जाती हैं? विश्लेषण कीजिए।

What are the methods used in measuring poverty and inequality in India? Analyse. 20

*(b)* भारत में ग्रामीण और शहरी आर्थिक विकास ने गरीबी कम करने में किस प्रकार योगदान दिया है? विवेचना कीजिए।

How have rural and urban economic development contributed to poverty reduction in India? Discuss. 15

*(c)* भारत में विकेन्द्रीकृत नियोजन प्रक्रिया के दिशा-निर्देश क्या हैं? विवरण दीजिए।

What are the guidelines of the Decentralized Planning process in India? Describe. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

5\. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* भारत सरकार द्वारा आरम्भ की गई खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं के घटकों पर चर्चा कीजिए।

Discuss the components of food processing schemes introduced by the Government of India.

*(b)* क्या आप इस दृष्टिकोण से सहमत हैं कि भारत की विदेश व्यापार नीति, 2023–2028 देश के व्यापार अधिशेष को बढ़ावा देगी और रोजगार का सृजन करेगी? कारण बताइए।

Do you agree with the view that India's Foreign Trade Policy, 2023–2028 will boost country's trade surplus and generate employment? Give reasons.

*(c)* भारत में 'सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी० डी० एस०)' की संरचनात्मक कमियाँ क्या हैं? व्याख्या कीजिए।

What are the structural shortcomings of the 'Public Distribution System (PDS)' in India? Explain.

*(d)* भारत की 'विनिवेश नीति' के महत्त्व को न्यायसंगत सिद्ध कीजिए।

Justify the importance of 'Disinvestment Policy' of India.

*(e)* भारतीय संघवाद के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जी० एस० टी०) सुधारों के क्या निहितार्थ हैं? विवेचना कीजिए।

What are the implications of the Goods and Services Tax (GST) reforms for Indian federalism? Discuss.

6\. *(a)* भारत में औद्योगिक पिछड़ेपन के क्या कारण हैं? जुलाई 1991 में घोषित नई औद्योगिक नीति की इस पिछड़ेपन को दूर करने में भूमिका का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

What are the causes of industrial backwardness in India? Critically evaluate the role of the New Industrial Policy, announced in July 1991, towards correcting such backwardness. 20

(b) वर्ष 1995 में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू० टी० ओ०) के अन्तर्गत कृषि पर हस्ताक्षरित किए गए समझौतों के कारण भारत पर पड़ने वाले प्रभावों की जाँच कीजिए।

Examine the implications for India due to agreements on agriculture that are signed under the World Trade Organisation (WTO) in 1995. 15

(c) भारत के लिए राष्ट्रीय रोजगार नीति क्यों आवश्यक है? रोजगार सृजन को सुगम बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या पहल की गई है? व्याख्या कीजिए।

Why is a National Employment Policy necessary for India? What are the initiatives taken by the Government to facilitate employment generation? Explain. 15

**7.** (a) भारत की राष्ट्रीय आय की क्षेत्रीय संरचना क्या है? भारत में राष्ट्रीय आय के सबसे महत्त्वपूर्ण स्रोत का उल्लेख कीजिए।

What is the sectoral composition of India's national income? Mention the most important source of national income in India. 20

(b) भारतीय रुपए की पूर्ण परिवर्तनीयता के क्या लाभ और हानियाँ हैं? क्या आप मानते हैं कि भारत में हाल की परिस्थितियों में पूँजी खाता परिवर्तनीयता व्यवहार्य है? विवेचना कीजिए।

What are the advantages and disadvantages of full convertibility of Indian rupee? Do you believe that capital account convertibility is feasible under the present circumstances in India? Discuss. 15

(c) विनिमय दर प्रबन्धन के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (आर० बी० आइ०) की रणनीति क्या है? भारत की विनिमय दर नीति में हाल के परिवर्तनों पर चर्चा कीजिए।

What is the strategy of the Reserve Bank of India (RBI) for exchange rate management? Discuss the recent changes in India's Exchange Rate Policy. 15

**8.** (a) वर्तमान वित्त आयोग की सिफारिशें सरकार के राजकोषीय समेकन लक्ष्यों के साथ किस प्रकार संरेखित हैं? स्पष्ट कीजिए।

How do the current Finance Commission's recommendations align with the Government's Fiscal Consolidation goals? Elucidate. 20

(b) उदारीकरण-पूर्व अवधि के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र को औद्योगिक विकास में अग्रणी भूमिका क्यों दी गई? स्पष्ट कीजिए।

Why was the public sector given a leading role in industrial development during the pre-liberalisation era? Explain. 15

(c) वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (आर० बी० आइ०) द्वारा शुरू की गई पहलों पर चर्चा कीजिए।

Discuss the initiatives launched by the Reserve Bank of India (RBI) to promote financial inclusion. 15

★★★